प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक- 26.11.2022

थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा थाना छावनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सदलपुर में मिले विनोद सोनी पुत्र जगदीश प्रसाद के शव के हत्याकाण्ड का सफल अनावरण कर 03 अभियुक्तों व 01 अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार-

थानाध्यक्ष वाल्टरगंज श्री योगेश कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक-18.11.2022 को थाना छावनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सदलपुर में मिले विनोद सोनी पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम गणेशपुर थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती के शव के सम्बन्ध में थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती पर पंजीकृत मु0अ0सं0-352/2022 धारा 302/ 120B IPC से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों क्रमशः 01-जगन्नाथ प्रसाद वर्मा पुत्र रामकेवल 02- बिमलेश पुत्र त्रिलोकी 03-राजन पुत्र हरिराम को दिनांक-26.11.2022 को मकबूलगंज तिराहा थाना मुंडेरवां कांटे मार्ग जनपद जनपद बस्ती एवं 04-अभियुक्ता गुड़िया पत्नी स्व0 विनोद सोनी को निवास स्थान ग्राम गनेशपुर थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया |

गिरफ्तार 03 अभियुक्तों/ 01 अभियुक्ता का विवरण-

1- जगन्नाथ प्रसाद वर्मा पुत्र रामकेवल निवासी ग्राम हटवा शुक्ल थाना कोतवाली जनपद बस्ती|
2- बिमलेश पुत्र त्रिलोकी निवासी ग्राम कुसमौर थाना नगर जनपद बस्ती |
3- राजन पुत्र हरिराम निवासी ग्राम कुसमौर थाना नगर जनपद बस्ती |
4- गुड़िया पत्नी स्व0 विनोद सोनी निवासी ग्राम गनेशपुर थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती |

बरामदगी का विवरण-

1- एक अदद कार डिजायर गाड़ी संख्य UP-53-DH-5232 |
2- नगद रुपया 6,500/- |

घटना का संक्षिप्त विवरण-

विनय सोनी पुत्र विनोद सोनी निवासी ग्राम गणेशपुर थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती द्वारा दिनांक-15.11.2022 को थाना वाल्टरगंज पर लिखित सूचना दिया गया कि दिनांक-14.11.2022 को समय करीब 05:00 बजे शाम को उसके पिता विनोद सोनी घर से कहकर निकले थे कि कुछ सामान लेने बस्ती जा रहा हूँ व जीजा जगन्नाथ से भी मिलना है क्योकि वह बुलाये हैं जोकि अभी तक घर वापस नहीं आए जिसके सम्बन्ध में थाना वाल्टरगंज पर गुमशुदगी 16/2022 दर्ज कर तलाश की जा रही थी | दिनांक-15.11.2022 को विनोद सोनी की मोटर साईकिल कचहरी बस्ती से मिला था विनोद सोनी के बहनोई जगन्नाथ काम करते है | दिनांक-18.11.2022 को विनोद सोनी की लाश थाना छावनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सदलपुर के पास सरयू नदी में मिली थी, जिसके शव को थाना छावनी पुलिस द्वारा पुलिस कब्जा मे लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गयी थी |

दिनांक-25.11.2022 को मृतक विनोद सोनी के भाई जमुना प्रसाद द्वारा थाना वाल्टरगंज पर लिखित तहरीर दिया कि मेरे भाई विनोद की पत्नी गुड़िया का नाजायज सम्बन्ध उसके जीजा जगन्नाथ से था जिन्होंने मिलकर मेरे भाई की हत्या की है, जिस पर थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती पर मु0अ0सं0 352/2022 धारा 302, 120B IPC पंजीकृत कर दिनांक-26.11.2022 को 03 अभियुक्तों क्रमशः 01-जगन्नाथ प्रसाद वर्मा पुत्र रामकेवल 02- बिमलेश पुत्र त्रिलोकी 03-राजन पुत्र हरिराम को दिनांक-26.11.2022 को मकबूलगंज तिराहा थाना मुंडेरवां कांटे मार्ग जनपद जनपद बस्ती एवं 04-अभियुक्ता गुड़िया पत्नी स्व0 विनोद सोनी को निवास स्थान ग्राम गनेशपुर थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती से गिरफ्तार किया गया |

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त जगन्नाथ प्रसाद वर्मा (मृतक का चचेरे जीजा) व अभियुक्ता गुड़िया द्वारा बताया गया कि हम लोगों के बीच प्रेम सम्बन्ध था जिसके सम्बन्ध में विनोद को जानकारी हो गई थी जिससे वह मेरे ऊपर (गुड़िया) कही भी आने-जाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया था। हम दोनों चोरी-चोरी बात करते थे और समय मिलने पर मिलते थे | दोनों को इस तरह से घुट कर जिना अच्छा नहीं लग रहा था रहा था, जिस पर हम दोनों ने विनोद को रास्ते से हटाने के बारे में योजना बनाए एवं विमलेश व राजन के साथ मिलकर बात कर उन्हें पैसे व आवास दिलाने का लालच देकर विनोद को ठिकाने लगाने के लिए तैयार कर लिए थे | मैंने (जगन्नाथ) न्यायालय में प्राइवेट में काम करता था इसलिए मैं जानता था कि मोबाइल के लोकेशन से पुलिस पकड़ लेती है इसलिए दिनांक-13.11.2022 के शाम को ही अपना मोबाइल स्वीच ऑफ़ कर दिया था और दिनांक- 14.11.2022 की सुबह मैं विमलेश व राजन के घर जाकर उउन्हें एक लिफाफे में 10-10 हजार रूपया एडवांस में देने के बाद बस्ती लाकर विनोद की गला दबाकर मारने के लिए चौधरी आटो मोबाइल मूड़घाट से एक क्लच वायर खरीदकर दे दिया | मैं विमलेश व राजन को शाम को समय करीब 05:00 बजे अपने गाड़ी मे बैठाया और जब विनोद मुझसे मिलने आया तो उसकी गाड़ी को कचहरी मे खड़ी करवा कर पकौड़ी चौराहे पर उसे (विनोद) को अपनी कार

स्विफ्ट डिजायर गाड़ी संख्या-UP-53-DH-5232 में अगली सीट पर बैठाकर स्वयं गाडी चलाने लगा जिसकी पिछली शीट पर विमलेश व राजन पहले से बैठे हुए थे | हम लोग बस्ती से निकलकर मूड़घाट पर शराब खरीदे फिर वहाँ से सीधे पवन सिंह आर्मी ढाबा पचवश पहुंचे जहाँ पर बिरयानी खाकर विनोद को ज्यादा शराब पिलाये और जब विनोद पूरी तरह से नशे में हो गया तो हम सभी विनोद को पुनः उसी तरह बैठा कर अयोध्या पुल पहुंचकर गाड़ी रोककर मैंने विनोद का मुँह दबाया और विमलेश व राजन ने उसके गले में क्लच वायर लपेटकर कसने ही वाले थे कि विनोद वेहोश हो गया | हम तीनों ने विनोद को बेहोशी हालत हालत में गाड़ी चलाकर बीच पुल पर ले जाकर विनोद को पुल पर खड़ा कर इधर-उधर देखे कि कोई गाड़ी नहीं आ रही है तो झट से विनोद को अयोध्या पुल से सरयू नदी मे फेंक कर वहाँ से चले आये थे |

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- थानाध्यक्ष वाल्टरगंज श्री योगेश कुमार सिंह जनपद बस्ती |

2- व0उ0नि0 श्री संतोष कुमार दूबे थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती |

3- का0 संजय यादव, का0 भगवान दयाल, का0 अवधेश यादव, का0 शिवम गिरि, म0का0 प्रियंका यादव, म0का0 पूजा सिंह थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती |